प्रारूप.–11

**NOTE: FOR JUSTIFICATION**

**कार्य का नाम :–** राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में पौखार – गेंवली (भिलंग) मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई– 10.00 किमी0)

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वनभूमि की मांग पूर्ण औचियत्या दर्शाते हुये विस्तृत आख्या निम्नवत है।

उक्त स्वीकृति के अनुपालन में राज्य योजना के अन्तर्गत पौखार–गेंवली (भिलंग) मोटर मार्ग का नवनिर्माण हेतु मार्ग का वास्तविक सर्वेक्षण करने के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 10 कि0मी0 आंकी गई है। ग्राम गेंवली के चारों ओर आरक्षित वनभूमि है, जिस कारण आरक्षित वनभूमि के अन्तर्गत ही मार्ग निर्माण किया जाना सम्भव है इसके अतिरिक्त वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। मोटर मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में 8,500 मीटर आरक्षित वनभूमि, 650 मीटर सिविल सोयम भूमि एवं 850 मीटर नापभूमि प्रभावित हो रही है जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है एवं वनभूमि की मांग न्यूनतम है। प्रस्तावित समरेखण घनसाली–घुत्तु मोटर मार्ग के कि0मी0–11 से प्रारम्भ तथा ग्रामसभा– गेंवली से होते पंजगाव से पूर्व पर आरक्षित भूमि में समाप्त होता है। चूंकि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम में ग्राम सभा पौखार–गेंवली (भिलंग) के स्थानीय काश्तकारों की भूमि पड़ती है। ग्राम सभा पौखार–गेंवली (भिलंग) में उन्नत कृषिभूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन है, यातायात की सुविधा होने से ग्रामीण अपनी फसल, दुग्ध उत्पादित पदार्थो को नजदिकीय बाजार में ले जा कर बेच सकेंगें जिससे स्थानीय रोजगार उत्पन्न होगा एवं काश्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल जायेगा।

उक्त मोटर मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में 5.95 है0 आरक्षित वनभूमि, 0.455 सिविल सोयम भूमि कुल 6.405 है0 भूमि प्रभावित हो रही है जिसका भूमि हस्तान्तरित करने हेतु वनसरक्षण अधिनियम 1980 के प्रविधानों के अन्तर्गत प्रस्ताव गठित किया गया है तथा यह भी उल्लेखनीय है की प्रस्तावित परियोजना हेतु मार्ग का निर्माण 6.00 मीटर चौड़ाई में होना प्रस्तावित है एवं वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 7.00 मीटर बनाया गया है।

ग्राम गेंवली (भिलंग) जनपद टिहरी गढवाल का दुर्गम ग्राम है। जिसकी जिला मुख्यालय से रोड़ हैड घनसाली तक दूरी 65.00 एवं विकास खण्ड मुख्यालय तहसील मुख्यालय से दूरी 10.00 कि0मी0 एवं रोड हैड ग्राम पौखार से ग्राम गेंवली (भिलंग) की पैदल सम्पर्क मार्ग की दूरी 5.00 कि0मी0 है। उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम– पौखार – गेंवली (भिलंग) से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी लगभग– 641 है। यह मार्ग घनसाली–घुत्तु मोटर मार्ग के कि0मी0–11 से प्रारम्भ तथा ग्रामसभा– गेंवली से होते पंजगाव से पूर्व पर समाप्त होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामसभा– पौखार – गेंवली (भिलंग) के ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध न होने के कारण स्थानीय जनता को पैदल ही आवाजाई करनी पड़ती है क्षेत्र का एक मात्र इण्टर कॉलेज कुनशिला में होने के कारण विद्यार्थीयों को 8.00 कि0मी0 लम्बाई में आवाजाई करनी पड़ती है, बुर्जग व्यक्तियों को बिमार होने की स्थिति में डण्डी एवं कण्डी के माध्यम से पूर्व निर्मित घनसाली–घुत्तु मोटर मार्ग तक पैदल ही लाना पड़ता है। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में वर्तमान में यातायात की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण शव को कंधों पर ढोकर दाह संस्कार हेतु भिलंगना नदी तक लाना पडता है सिलेण्डर एवं रसद को खच्चरों के माध्यम से गांव तक पहुचाने पर काफी खर्चा आता है, उक्त मोटर मार्ग के बन जाने के फलस्वरूप स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा मिल जायेगी, जिससे अपरोक्ष रूप से स्थानीय जनता को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा एवं गांव से पलायन को रोकने में भी कारगार साबित होगा। भविष्य में यह मोटर मार्ग रानीगढ–लैणी–बुढवा मोटर मार्ग से जुड जायेगा। जिसके निर्माण होने से यह मोटर मार्ग बाईपास के रूप में भी कार्य करेगा एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। अतःउक्त मोटर मार्ग निर्माण किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पर्वतीय क्षेत्र में काश्तकारों की नापभूमि के अतिरिक्त समस्त प्रकार की भूमि को वनभूमि श्रेणी में ले लिया गया है।

सहायक अभियन्ता
...प्रभागीय वनाधिकारी
...री वन प्रभाग
...ई टिहरी

22/4/19
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग
घनसाली, टिहरी गढ़वाल